**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई—नीलामी के 7वें संस्करण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। यह नीलामी पीएम मोमेन्टोस डोट गोव डोट इन पर 2 अक्टूबर तक जारी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस नीलामी में भारत की संस्कृति और रचनात्मकता को दर्शाने वाली कृतियाँ शामिल हैं। इस वर्ष की ई—नीलामी में पूरे देश से एक हज़ार तीन सौ से अधिक अनूठी वस्तुएँ प्रदर्शित की जा रही हैं। नीलामी से प्राप्त सभी आय नमामि गंगे परियोजना में योगदान करेगी।

..........................................

**जीएसटी सुधार— खाद्य उत्पाद**

वस्तु और सेवा कर — जीएसटी सुधार अगली पीढ़ी के भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की 22 तारीख को लागू हो चुके हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पूर्व की चार—स्तरीय संरचना को सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो—स्तरीय संरचना बना दी है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करने वाले ये सुधार लोगों को काफी राहत दे रहे हैं।

..........................................

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार ने सीमेंट की दर पर जीएसटी दरे कम करके लोगों को राहत देने का काम किया है तो वहीं प्रदेश सरकार ने सीमेंट पर टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाला है।

..........................................

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज हमीरपुर जिले के नादौन स्थित सिद्धार्थ राजकीय डिग्री कॉलेज में प्रदेश विश्वविद्यालय की चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन किया। प्रतियोगिता में लगभग 70 कालेजों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि कबड्डी जैसा पारंपरिक भारतीय खेल अब एक नई पहचान के साथ विश्व के सामने आया है और कई युवा इसे एक कॅरियर के रूप में अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

..........................................

**नवरा्त्र**

प्रदेश में शारदीय नवरात्र के अवसर पर सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मां का ये स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

---

**आपदा प्राधिकरण**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगामी एक अक्तूबर से अपना प्रमुख जन–जागरूकता अभियान **''समर्थ 2025''** आयोजित करेगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में राज्य में आपदा तैयारी, सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और समुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

---

**मौसम**

प्रदेश में आज मौसम पर साफ बना हुआ है, जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मौजूदा मॉनसून सीजन में अब तक एक हजार 23 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हुई है जो सामान्य से 43 प्रतिशत ज्यादा रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक प्रदेश से अब जल्द ही मॉनसून विदा हो सकता है।

---